# हर कदम पर नारी

## महिलाओं के उत्थान के लिए भाजपा सरकार प्रयासरत: पुष्कर धामी



नई दिल्ली, 8 मार्च (नवोदय टाइम्स): इंदिरा गांधी स्टेडियम में विमेन एंटरप्रेन्योर्स समिट का आयोजन हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डायरेक्ट सेलिंग को महिलाओं के लिए बड़ा अवसर बताया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण पर सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। धामी ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने डायरेक्ट सेलिंग को 2 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा। डॉ. संजीव कुमार, प्रवीण खंडेलवाल ने भी विचार साझा किए। समिट में नम्रता जादव, मोनिका पाण्डेय, ज्योति यादव, सोनम त्यागी, रत्ना संगोलकर व सोनाली कुमारी को "डायरेक्ट सेलिंग वूमेन आइकन ऑफ द ईयर" सम्मान मिला।